सोमवार
28 नवम्बर 2022
डिजिटल संस्करण

# केशव टाइम्स
आपकी आवाज



शाहपुर नप के पूर्व चेयरमैन की गोली मारकर हत्या 3

प्रमुख खबरें : पटना ■ भोजपुर ■ बक्सर ■ रोहतास ■ पूर्वांचल ■ मिथिलांचल ■ विविध ■ खेल ■ आर्थिक

## भागलपुर में चलती कार में लगी आग

**पटना।** भागलपुर जिले के जगदीशपुर में अचानक एक चलती कार में आग लग गई। गनीमत रही कि इसमें सवार सभी चार लोगों की जान बच गई। हालांकि इस दौरान कार पूरी तरह जलकर राख हो गई। बताया जा रहा है कि कार मालिक बांका निवासी अभिषेक कुमार अपने साले के शादी समारोह में जा रहे थे, इसी दौरान जगदीशपुर में शार्ट-शर्किट की वजह से कार में आग लग गई। कार में अभिषेक के अलावा, उनकी पत्नी, बच्चा और ड्राईवर मौजूद थे। जैसे-तैसे सभी कार से उतरे और अपना सामान बाहर निकाला। उसके बाद जगदीशपुर थाना परिसर में पानी की उपलब्धता को देखते हुए स्थानीय लोगों कार को धक्का देकर थाना परिसर में घुसा दिया।स्थानीय लोग व पुलिस प्रशासन की मदद से आग पर काबू पाया गया । थाना परिसर में कार में लगी आग को बुझाया गया।

## पटना में सरेशाम जमीन विवाद में चली गोली

**पटना।** पटना के दियारा स्थित हरशामचक गांव में रविवार की शाम जमीन विवाद को लेकर दो गुटों के बीच जमकर गोली चली। इसमें गांव का एक किसान गोली लगने से घायल हो गया। उसे इलाज के लिए दानापुर अनुमंडल अस्पताल में भर्ती कराया गया। उसकी स्थिति खतरे से बाहर बताई जा रही है। घटना के संबंध में हदशामचक बीघा के बृजनंदन राय ने बताया कि वह अपने भाई हरि राय के साथ खेत में कुछ काम कर रहे थे इस बीच लगभग 20 से 22 की संख्या में वहां लोग पहुंचे और जमीन पर कब्जा करना चाह रहे थे। इसी बात को लेकर गांव के लोग उग्र हो गए और बाहर से आए लोगों को खदेड़ दिया।

# मुख्यमंत्री ने राजगीर में गंगाजल आपूर्ति योजना का किया शुभारंभ

## योजना के तहत राजगीर, गया, बोधगया और नवादा में होगी गंगाजल की सप्लाई

- प्रत्येक व्यक्ति को हर दिन 135 लीटर गंगाजल की होगी आपूर्ति
- हमने सभी धर्मस्थलों का विकास किया है - मुख्यमंत्री

**केटी न्यूज पटना,**

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने रविवार को राजगीर इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर में राजगीर के लिए गंगाजल आपूर्ति योजना का शुभारंभ किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि मुझे खुशी है कि आज से राजगीर में गंगाजल की आपूर्ति शुरू हो गयी है। इस योजना के तहत राजगीर, गया, बोधगया और नवादा में गंगाजल की सप्लाई होगी। आज राजगीर में गंगाजल आपूर्ति योजना की शुरूआत की गयी है। कल गया में इसकी शुरूआत होगी। कुछ महीनों बाद नवादा में भी गंगाजल आपूर्ति योजना शुरू होगी। राजगीर के सभी घरों में गंगाजल पहुंचेगा। प्रत्येक व्यक्ति को प्रतिदिन 135 लीटर गंगाजल की आपूर्ति की जायेगी। इस पानी से आपलोग खाना, पीना, नहाना और दूसरे अन्य काम भी कर सकते हैं। आपको पानी की जितनी जरूरत होगी उतना पानी सभी घरों को मिलेगा।

**गायिका मैथिली ठाकुर ने गंगा पर आधारित गीत की दी प्रस्तुति:** कार्यक्रम में मुख्यमंत्री का स्वागत जल संसाधन विभाग के सचिव संजय कुमार अग्रवाल ने स्मृति चिह्न भेंटकर किया। कार्यक्रम में प्रसिद्ध गायिका मैथिली ठाकुर ने गंगा पर आधारित गीत की प्रस्तुति दी। गंगाजल आपूर्ति योजना पर आधारित एक लघु फिल्म प्रदर्शित की गई। गंगाजल आपूर्ति योजना पर आधारित लेजर शो का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम को उप मुख्यमंत्री श्री तेजस्वी प्रसाद यादव, वित्त, वाणिज्य कर, संसदीय कार्य मंत्री सह नालंदा जिले के प्रभारी मंत्री विजय कुमार चौधरी, जल संसाधन सह सूचना एवं जनसंपर्क मंत्री संजय कुमार झा, ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार, सांसद कौशलेंद्र कुमार, विधायक कौशल किशोर, मुख्य सचिव आमिर सुबहानी एवं जल संसाधन विभाग के सचिव श्री संजय कुमार अग्रवाल ने भी संबोधित किया।





### पटना से एक घंटे में राजगीर पहुंचने की योजना पर चल रहा काम

मुख्यमंत्री ने कहा कि राजगीर पौराणिक स्थल है। इसका अंतर्राष्ट्रीय महत्व है। मखदुम साहब को भी यहां ज्ञान की प्राप्ति हुई। यहां के मखदुम कुंड को भी विकसित किया गया है। यहां का शांति स्तूप पचास साल पहले बना था। हमने सभी धर्मों के स्थलों का विकास किया है। जरासंध के अखाड़े की देखभाल का काम एएसआई के पास है। हमने कहा है कि इसे हमें दे दीजिये। हम इसका ठीक ढंग से विकास करेंगे लेकिन वे दे नहीं रहे हैं तो हमने सोचा है कि जरासंध के अखाड़े के बगल में जरासंघ का स्मारक बना देंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि पटना से एक घंटे में राजगीर पहुंचने की योजना हमने बना दी है, उस पर काम चल रहा है। गया से भी एक घंटे में राजगीर पहुंचने की योजना पर काम जारी है।

### पटना एवं अन्य शहरों में लागू होगी यह योजना

मुख्यमंत्री ने कहा कि फ्लड का ही पानी यहां लाया जाएगा। इससे बाढ़ की समस्या से भी बहुत हद तक निजात मिलेगी। अगर ज्यादा पानी की आवश्यकता होगी तो उसे भी देखा जाएगा। पटना एवं अन्य शहरों में भी इस योजना को लागू किया जाएगा। यह पानी सब जगह जाएगा। निजी घरों के साथ ही सरकारी जगहों पर भी इसका पानी जाएगा। होटल में, अस्पताल में सब जगह गंगाजल आपूर्ति योजना के माध्यम से पानी पहुँचाया जाएगा। चार महीने फ्लड के समय इन चार जगहों पर पानी लाया जाएगा। इसको राजगीर में स्टोर करके रखा जाएगा, जो 12 महीनों तक चलेगा। इससे वाटर लेवल भी ठीक हो जाएगा और लोग जमीन के अंदर से पानी निकालना बंद कर देंगे।

## देश में जनसंख्या नियंत्रण बिल को लागू करना जरूरी : गिरिराज सिंह



■ जो लोग इस कानून का पालन नहीं करेंगे, उन्हें सरकारी लाभ नहीं दिया जाना चाहिए

**एजेंसी/नई दिल्ली**

केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने रविवार को बड़ा बयान दिया है। गिरिराज सिंह ने कहा कि जनसंख्या नियंत्रण विधेयक को लागू किए जाने की आवश्यकता है। धर्म या समाज के किसी भी वर्ग पर इसका फोकस नहीं होगा। यह पूरे देश के भले के लिए है। उन्होंने सीमित संसाधनों का हवाला देते हुए कहा कि भारत में प्रति मिनट तीस बच्चे पैदा हो रहे हैं। गिरिराज सिंह ने कहा, जनसंख्या नियंत्रण विधेयक महत्वपूर्ण है, क्योंकि हमारे पास सीमित संसाधन हैं। चीन ने जनसंख्या को नियंत्रित करने के लिए 'वन चाइल्ड पॉलिसी' (एक बच्चे की नीति) लागू की और विकास किया। केंद्रीय मंत्री ने कहा, ₹चीन में प्रति मिनट दस बच्चे पैदा होते हैं और भारत में प्रति मिनट तीस बच्चे पैदा होते हैं। हम चीन का कैसे मुकाबला करेंगे।

उन्होंने कहा, जनसंख्या नियंत्रण विधेयक जरूरी है। रिपोर्ट कहती है कि उस देश (चीन) की जीडीपी 1978 में भारत से कम थी, उसने 'वन चाइल्ड पॉलिसी' अपनाई और करीब साठ करोड़ जनसंख्या को नियंत्रित करके विकास किया। उन्होंने आगे कहा, विधेयक को उनकी आस्था और धर्म की परवाह किए बिना सभी के लिए लागू किया जाना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि जो लोग इस कानून का पालन नहीं करते हैं, उन्हें कोई सरकारी लाभ नहीं दिया जाना चाहिए। उनके मतदान का अधिकार भी वापस लिया जाना चाहिए।

संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत अगले साल तक चीन को पीछे छोड़कर दुनिया के सबसे अधिक आबादी वाला देश हो सकता है। हालांकि, वर्ल्ड पॉपुलेशन प्रोस्पेक्ट्स -2022 ने इस बात पर भी प्रकाश डाला है कि भारत की कुल प्रजनन दर काफी कम हो गई है। 1950 में प्रति महिला 5.9 बच्चों को जन्म देती थीं जो 2020 में 2.2 बच्चे प्रति महिला हो गई थी।

## जी-20 की अध्यक्षता मिलना भारत के लिए बड़ा मौका : पीएम मोदी

■ प्रधानमंत्री ने मन की बात कार्यक्रम के 95वें एपिसोड को किया संबोधित

**एजेंसी नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को मन की बात कार्यक्रम के 95वें एपिसोड को संबोधित किया। इसमें उन्होंने कहा कि जी-20 की अध्यक्षता मिलना भारत के लिए बड़ा मौका है। हर देशवासी जी-20 से किसी न किसी तरह से जुड़े। कुछ दिन पहले मुझे जी-20 का लोगो और भारत की अध्यक्षता की वेबसाइट को लॉन्च करने का सौभाग्य मिला। प्रधानमंत्री ने कहा कि जी-20 की वर्ल्ड पॉपुलेशन में दो-तिहाई, वैश्विक व्यापार में तीन-चौथाई और दुनिया की जीडीपी में 85% हिस्सेदारी है।

आप कल्पना कर सकते हैं कि भारत 1 दिसंबर से इतने बड़े ग्रुप की, इतने ताकतवर समूह की, अध्यक्षता करेगा। G-20 की प्रेसीडेंसी हमारे लिए एक बड़ा मौका बनकर आया है। हमें इस मौके का पूरा इस्तेमाल करते हुए ग्लोबल गुड, विश्व कल्याण पर केंद्रित करना है।

**स्पेस सेक्टर में तेजी से बढ़ रहा भारत:** पीएम मोदी ने कहा कि 18 नवंबर को पूरे देश ने स्पेस के क्षेत्र में एक नया इतिहास बनते हुए देखा। भारत ने इस दिन अपने पहले ऐसे रॉकेट को स्पेस में भेजा। इसको भारत के प्राइवेट सेक्टर ने डिजाइन और तैयार किया था. इस रॉकेट का नाम 'विक्रमझ्रएस' है। श्रीहरिकोटा से स्वदेशी स्पेस स्टार्ट-अप के इस पहले रॉकेट के ऐतिहासिक उड़ान भरते ही हर भारतीय का सिर गर्व से ऊंचा हो गया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि जब हम तकनीक से जुड़े इनोवेशन्स की बात कर रहें हैं, तो ड्रोन्स को कैसे भूल सकते हैं। ड्रोन के सेक्टर में भी भारत तेजी से बढ़ रहा है।

## नोटबंदी और जीएसटी लगाना अब तक का सबसे खराब काम : राहुल गांधी

**एजेंसी/इंदौर**

भारत जोड़ो यात्रा के क्रम में इंदौर पहुंचे राहुल गांधी ने जनता को संबोधित करते हुए कहा कि हम इस यात्रा पर अकेले नहीं चल रहे हैं बल्कि हमारे साथ पूरा हिंदुस्तान चल रहा है। उन्होंने कहा कि मैं इंदौर और इंदौरवासियों को बधाई देता हूं। आपने छह बार स्वच्छता का पुरस्कार जीता है। आपने मुझे भाईचारा सिखाया है. राहुल गांधी ने आगे कहा कि इन सड़कों पर हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई और सब लोग एक साथ चले हैं। यह यात्रा एक तरह भारत के विचारधारा की यात्रा है। राहुल गांधी ने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा करने का प्रमुख कारण हमारी बात को लोकसभा में नहीं सुना जाना है। उन्होंने कहा कि हमने लोकसभा में कई बार मुद्दों को अनेक बार मुद्दे उठाने की कोशिश की। उन्होंने आरोप लगाया कि किसानों का कर्जा माफ करने की बात हो या और मुद्दे हो तो जादू से हमारा माईक ऑफ हो जाता है। राहुल गांधी ने कहा कि नोटबंदी और जीएसटी लगाना हिंदुस्तान के इतिहास में किया गया सबसे खराब काम है। उन्होंने कहा कि इससे किसान, मजदूर, युवाओं और छोटे दुकानदारों को कोई फायदा नहीं हुआ। उन्होंने आरोप लगाया कि नोटबंदी और जीएसटी से केवल दो लोगों को फायदा हुआ है, ये वही लोग हैं, जिन्होंने इन लोगों के पीछे लगाम बांध रखी है।

**नोटबंदी और जीएसटी से देश को सबसे बड़ा नुकसान:** उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि देश को जो नुकसान चीन की सेना नहीं कर पाती वो काम अकेले नोटबंदी और जीएसटी ने कर दिया। राहुल ने आरोप लगाया कि सरकार ने अपने दो दोस्तों को फायदा पहुंचाने के लिए ये काम किया है। छोटे व्यापारियो के प्रति सहानुभूति जताते हुए राहुल गांधी ने कहा कि केंद्र सरकार की आर्थिक नीतियों ने छोटे व्यापारियों का कैश फ्लो बंद कर दिया।

डिजिटल संस्करण
संपर्क सूत्र
9122915443
9931711972
8936046900



केशव टाइम्स
आपकी आवाज
वेब पोर्टल : keshavtimes.com
अपने गांव
अपने शहर
की हर खबर
पढ़ें और पढ़ायें
यूपी, बिहार व झारखंड की खबरों पर हमारी पैनी नजर
आपकी समस्याओं का होगा निदान
हमारे रिपोर्टर: गाजीपुर, मऊ, बलिया, वाराणसी, लखनऊ, बक्सर ,रोहतास ,भोजपुर, जहानाबाद, अरवल, पटना में
शहर से लेकर गांव तक की हर गतिविधियों पर है हमारे रिपोर्टरों की नजर, क्योंकि हम हैं आपके लिए 24 घंटे तत्पर
keshavtimes keshavtimes keshavtimes

## गोरखपुर को मिली 1822 करोड़ रु. की चार परियोजनाओं की सौगात



**एजेंसी/गोरखपुर**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को गोरखपुर के लिए 1822 करोड़ रुपये की लागत की चार प्रमुख परियोजनाओं का शिलान्यास कर यहां के लोगों के लिए बड़ी सौगात दी है।

गोरखपुर के स्पोर्ट्स कालेज में आयोजित कार्यक्रम के दौरान सीएम योगी ने 474.42 करोड़ रुपये की लागत वाले गोड़धोइया नाला एवं रामगढ़ताल के जीर्णोद्धार और नाले के इंटरसेप्शन, डायवर्जन व ट्रीटमेंट के निर्माण से संबंधित परियोजना का शिलान्यास किया। साथ ही 561.34 करोड़ लागत वाली गोरखपुर सीवरेज योजना सी पार्ट-2 की भी आधारशिला रखी। इसके अलावा 96.50 करोड़ रुपये की लागत वाले जेल बाईपास फोर लेन पर खजांची चौराहे पर फ्लाईओवर और आयुष विश्वविद्यालय के लिए महत्वपूर्ण भटहट से बासस्थान मार्ग के फोर लेन में चौड़ीकरण व सुदृढ़ीकरण का शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि गोरखपुर की तस्वीर बदल चुकी है। यह विकास की देन है। अपराध, अराजकता, माफिया के नाम से जाना जाने वाला गोरखपुर आज विकास की नई कहानी लिख रहा है।

### अयोध्या के विकास में पैसे की कोई कमी नहीं होगी: योगी

**अयोध्या।** मुख्यमंत्री योगी ने रविवार को सरयू तट स्थित रामकथा पार्क में 41वें रामायण मेले का शुभारंभ किया। इस मौके पर श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास भी मौजूद रहे। यह मेला 30 नवंबर तक जारी रहेगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को जीआईसी के मैदान में आयोजित प्रबुद्ध सम्मेलन में अयोध्यावासियों को आश्वस्त किया कि अयोध्या के विकास में पैसे की कोई कमी नहीं होगी। 30 हजार करोड़ की योजनाओं से अयोध्या सज-संवर रही है। डबल इंजन की सरकार अयोध्या के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। कहा कि जब दुनिया आगे बढ़ रही है तो हमारी अयोध्या भी पीछे नहीं रहेगी। अयोध्या आध्यात्मिक, सांस्कृतिक के साथ-साथ भौतिक विकास के नए आयाम भी स्थापित करने की दिशा में आगे बढ़ रही है। सीएम योगी ने कहा कि अयोध्या सप्तपुरी में से एक है।

## खून से फिर लाल हुई भोजपुर की धरती: हत्या के बाद आक्रोशित लोगों ने शाहपुर गैस एजेंसी के पास रोड किया जाम

# शाहपुर नपं के पूर्व चेयरमैन की गोली मारकर हत्या

**केटी न्यूज/आरा**

जिले की शाहपुर नगर पंचायत के पूर्व चेयरमैन वशिष्ठ प्रसाद उर्फ मंटू सोनार की गोली मार हत्या कर दी गयी। रविवार दोपहर शाहपुर नगर स्थित अपने घर के सामने होटल में बैठे पूर्व चेयरमैन को तीन गोलियां मारी गयी हैं। इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाये जाने पर उनको मृत घोषित कर दिया गया। बाइक सवार छह की संख्या में रहे हमलावरों द्वारा उनको गोली मारे जाने की बात कही जा रही है। घटना को अंजाम देने के बाद हमलावर फायरिंग करते फरार हो गये। वशिष्ठ प्रसाद उर्फ मंटू सोनार पर करीब तीन माह पहले भी जानलेवा हमला किया गया था। तब उनको दो गोलियां मारी गयी थी। 40 वर्षीय वशिष्ठ प्रसाद उर्फ मंटू सोनार शाहपुर थाना क्षेत्र के शाहपुर वार्ड नंबर-10 निवासी कपिल वर्मा के पुत्र थे। उनकी पत्नी जुगनू देवी शाहपुर नगर पंचायत की निवर्तमान मुख्य पार्षद हैं। उनके भाई छोटक सोनार द्वारा पूर्व के विवाद और चुनावी रंजिश में गांव के छह लोगों पर गोली मार हत्या करने का आरोप लगाया जा रहा है। हत्या के बाद आक्रोशित लोगों द्वारा शाहपुर गैस एजेंसी के पास रोड जाम कर दिया गया है। हत्या की सूचना मिलने पर एसपी संजय कुमार सिंह, एएसपी हिमांशु और जगदीशपुर एसडीपीओ राजीव चंद्र सिंह अन्य थानों की पुलिस के साथ मौके पर पहुंच गये। उसके बाद मामले की छानबीन और अपराधियों की धरपकड़ में शुरू कर दी गयी है। एसपी के निर्देश पर में टीम बना छापेमारी की जा रही है। वहीं अपराधियों की पहचान को लेकर सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं।

**एएसपी बोले... पुरानी रंजिश में हुई है हत्या :** घटना के संबंध में आरा एएसपी हिमांशु ने कहा कि शुरुआती जांच में पुरानी रंजिश में पूर्व मुख्य पार्षद वशिष्ठ प्रसाद उर्फ मंटू की हत्या की बात सामने आ रही है। चुनावी रंजिश सहित अन्य एंगल से भी तफ्तीश की जा रही है। आरोपितों की धरपकड़ को लेकर छापेमारी की जा रही है।

### छह की संख्या में आए बाइक सवार अपराधियों ने दिया घटना को अंजाम







### बदमाशों ने होटल में बैठे मंटू पर बरसाईं गोलियां

वशिष्ठ प्रसाद दोपहर में अपने आवास के सामने एक होटल में बैठे थे। तभी बाइक सवार छह हमलावर पहुंचे और ताबड़तोड़ गोलियां बरसानी शुरू कर दी। इसमें मंटू सोनार खून से लथपथ हो जमीन पर गिर पड़े। उन्हें इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया, जहां डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। उनके बड़े भाई छोटन सोनार ने गांव के संजय गुप्ता, अजय गुप्ता, गुलशन गुप्ता, अर्जुन धानुक और निखिल सिंह पर पूर्व के विवाद और चुनावी रंजिश में गोली मारकर हत्या करने का आरोप लगाया है।

### सात सितंबर को भी मारी गयी थी गोली

शाहपुर निवासी पूर्व मुख्य पार्षद वशिष्ठ प्रसाद उर्फ मंटू सोनार को इसी साल सात सितंबर की रात भी गोली मारी गयी थी। उस समय उनको काफी करीब से दो गोली मारी गई थी। हालांकि तब उनकी जान बच गयी थी।पुलिस द्वारा उस कांड का खुलासा करते हुए चार-पांच अपराधियों को गिरफ्तार भी किया गया था। तब सुपारी देकर गोली मारे जाने की बात सामने आयी थी। अभी 13 नवंबर को ही पुलिस द्वारा उन पर हमला करने वाले एक आरोपित को गिरफ्तार किया था।

### पोस्टमार्टम में शरीर से निकाले गए दो बुलेट

शाहपुर नगर पंचायत वार्ड नंबर-10 निवासी निवर्तमान वार्ड पार्षद सह चेयरमैन पति वशिष्ठ प्रसाद उर्फ मंटू सोनार के शव का पोस्टमार्टम सदर अस्पताल में कराया गया। पोस्टमार्टम के दौरान उनके शरीर से गोली का दो बुलेट निकाला गया। उसे जांच के लिए पुलिस द्वारा सुरक्षित रख लिया गया है। बताया जा रहा है कि अपराधियों द्वारा उन्हें काफी नजदीक से तीन गोलियां मारी गयी थी। उसमें एक गोली दाहिने साइड सीने और दो गोली हाथ में कंधे के आसपास लगी है।

### इधर, क्राइम मीटिंग कर रहे थे एसपी, उधर बदमाशों ने कर दी हत्या

**आरा।** भोजपुर एसपी संजय कुमार सिंह रविवार को जगदीशपुर में अनुमंडल के थानाध्यक्षों के साथ बैठक कर रहे थे। उसमें थानाध्यक्षों को क्राइम कंट्रोल और अपराधियों की धरपकड़ का पाठ पढ़ाया जा रहा था। तभी अपराधियों ने बगल के शाहपुर नगर में पूर्व नपं चेयरमैन की गोली मार हत्या कर दी गयी। इससे पुलिस महकमे में सनसनी मच गयी। सूचना मिलने पर एसपी बैठक छोड़कर सभी अफसरों के साथ शाहपुर निकल गये। इससे शाहपुर में बाजार पुलिस छावनी में तब्दील हो गया।

### अपराधियों की पहचान के लिए सीसीटीवी फुटेज को खंगाल रही पुलिस

वशिष्ठ प्रसाद की हत्या में शामिल अपराधियों की पहचान के लिए पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। वहीं होटल संचालक सहित मौके पर मौजूद लोगों से पूछताछ के आधार पर भी सुराग लिया जा रहा है। इसमें पुलिस को काफी अहम क्लू भी हाथ लगा है। सूत्रों के अनुसार दो हमलावरों की पहचान भी कर ली गयी है। बताया जा रहा है कि कि टोपी पहने एक अपराधी द्वारा पूर्व चेयरमैन को गोली मारी गयी है। इधर, होटल वाले के अनुसार गोली मारने के बाद अपराधी तुरंत भाग निकला। बाहर आने के बाद पल्सर बाइक पर बैठ अपने सहयोगी के साथ पूरब की ओर भाग निकले। एसपी के अनुसार सीसीटीवी फुटेज का विश्लेषण किया जा रहा है। सीसीटीवी के कुछ क्लू मिले है। उसके आधार पर आगे काम किया जा रहा है। इधर घटना के संबंध में लोगों ने बताया कि हत्या को अंजाम देकर अपराधी जब भाग रहे थे तो वे फायरिंग भी करते जा रहे थे। ताकि कोई उन्हें पकड़ने की कोशिश नहीं करें। इससे नगर में दहशत का माहौल बन गया था। आरा जिले में आए दिन हो रही हत्या की घटना से लोग खौफजदा हो गए हैं।

### आरा-बक्सर मार्ग पर 3 घंटे बाधित रहा आवागमन

पूर्व चेयरमैन सह निवर्तमान मुख्य पार्षद पति मंटू सोनार की हत्या से उनके समर्थकों व परिजनों का गुस्सा भड़क उठा। आक्रोशित लोग सड़क पर उतर गये और गैस एजेंसी के समीप बेंच रख हाईवे जाम कर दिया। इस दौरान पुलिस के खिलाफ नारेबाजी भी की गयी। जाम कर रहे लोगों की ओर से अपराधियों की जल्द गिरफ्तारी और उच्चस्तरीय जांच की मांग की जा रही थी। इससे हाईवे पर करीब तीन घंटे तक आवागमन बाधित रहा। बताया जा रहा है कि दोपहर करीब ढ़ाई बजे पूर्व चेयरमैन को गोली मारे जाने की सूचना मिलते ही उनके समर्थक आक्रोशित हो उठे। बाद में आरा से उनकी मौत की सूचना आते ही गुस्साए सड़क पर उतर गये। लोगों का कहना था पूर्व में हमला होने और मांग करने के बाद भी उनको आर्म्स



का लाइसेंस नहीं दिया गया। नतीजा हुआ कि उनकी हत्या कर दी गयी। तब मौके पर मौजूद एसपी के आश्वासन पर लोगों का गुस्सा शांत हुआ और आवागमन बहाल किया जा सका।

### पहले विपक्षी गुट के टारगेट पर थे पूर्व चेयरमैन, दूसरे अटेंप्ट में हो गई हत्या

**आरा।** शाहपुर नगर पंचायत के पूर्व चेयरमैन काफी दिनों से विपक्षी गुट के टारगेट पर थे। पहले से ही उनकी हत्या की साजिश की जा रही थी। उसे लेकर पहले भी एक बार उन पर हमला किया जा चुका था। गोली भी मारी गयी थी। तब उनकी जान बच गयी थी, लेकिन दूसरे अटेंप्ट में गोली उनके सीने के पार हो गयी। बता दें कि इसी साल सात सितंबर को पूर्व मुख्य पार्षद को करीब से दो गोली मारी गयी थी। उसमें गंभीर रूप से जख्मी हो गए थे। बाद में पटना में इलाज के बाद वह बच गये थे। उस दो लाख की सुपारी देकर उन पर हमला कराया गया था। उस मामले में गिरफ्तार बदमाशों द्वारा सुपारी लेकर हत्या की नीयत से उनको गोली मारने की बात स्वीकार की गयी थी। उनके भाई छोटक सोनार की मानें तो अभी कुछ रोज पहले ही वह पटना से गोली निकलवा कर घर लौटे थे। इस बीच रविवार को फिर अपराधियों ने उन्हें निशाना बना डाला गया। अबकी बार उनकी मौत हो गयी।

### पूर्व चेयरमैन ने गार्ड लेने से किया था इंकार

पूर्व चेयरमैन वशिष्ठ प्रसाद उर्फ मंटू सोनार की हत्या के बाद कई तरह की चर्चा चल रही है। पुलिस की कार्यशैली पर भी सवाल उठ रहे हैं। मंटू के समर्थकों का कहना है कि मांग करने के बाद ही उनको आर्म्स का लाइसेंस नहीं दिया गया। इधर, पुलिस का कहना है कि सात सितंबर की घटना के बाद एसपी द्वारा पूर्व चेयरमैन और उनकी पत्नी को अपने कार्यालय में बुलाया गया था। तब एसपी द्वारा वशिष्ठ प्रसाद व उनकी पत्नी जुगनू देवी को समझा-बुझाकर मामले को शांत करने तथा सुरक्षा गार्ड लेने की बात कही गई थी। इधर, एसपी के अनुसार पूर्व चेयरमैन द्वारा गार्ड लेने से इनकार कर दिया था। उसके कारण उन्हें गार्ड मुहैया नहीं कराया जा सका। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि जिस पर पहले कातिलाना हमला हो चुका था, उसकी सुरक्षा के प्रति पुलिस लापरवाह क्यों बनी रही।

### गोलियों की आवाज से मची भगदड़, गिरने लगे दुकानों के शटर

नगर पंचायत के पूर्व चेयरमैन वशिष्ठ प्रसाद की दिनदहाड़े हत्या और ताबड़तोड़ फायरिंग से नगर में सनसनी और भगदड़ मच गयी। दुकानों के शटर गिरने लगे, जिससे देखते ही देखते पूरे नगर में सन्नाटा छा गया। हालांकि सूचना मिलते ही एसपी संजय सिंह, एसडीपीओ राजीव चंद्र सिंह, बिहिया सर्किल इंस्पेक्टर दयानंद प्रसाद और शाहपुर थानाध्यक्ष नित्यानंद शर्मा सहित अन्य थानों के थानेदार भी पहुंच गये। तब बाजार की स्थिति कुछ सामान्य हुई और दुकान खुलने लगे। पुलिस द्वारा मौके से तीन खोखा भी बरामद किया गया है। बताया जा रहा है कि मंटू सोनार की गोली मारने के बाद अपराधी फायरिंग करते हुए भाग निकले। इधर,सूत्रों की माने तों अपराधियों की संख्या छह थी। लेकिन एक बाइक पर सवार दो अपराधी ही अंधाधुंध फायरिंग कर रहे थे। बाइक चला रहे अपराधी का कद लंबा, जबकि पीछे बैठा अपराधी छोटे कद का था।

## लाखों की ब्राउन सुगर और नगदी के साथ छह तस्कर गिरफ्तार

**केटी न्यूज/आरा**

जिले के नवादा थाना क्षेत्र के मौलाबाग स्थित एक मकान में छापेमारी कर पुलिस द्वारा ब्राउन सुगर/हेरोईन और नगदी के साथ छह तस्करों को गिरफ्तार किया है। तस्करों में ब्राउन सुगर की सप्लायर व खरीदार भी शामिल हैं। इनके पास से124.54 ग्राम हेरोइन/ब्राउन शुगर, एक इलेक्ट्रॉनिक वेटज मशीन, दो लाख पांच हजार रुपये नगद, एक कैची और 7 मोबाइल बरामद किया गया है।



गिरफ्तार तस्करों में आरा टाउन थाना क्षेत्र के गौसगंज निवासी सुनील सिंह के पुत्र आकाश कुमार, अरुण कुमार के पुत्र ऋतिक कुमार, बड़हरा थाना क्षेत्र के जोकहरी गांव निवासी जय मंगल सिंह के पुत्र आशीष कुमार, उदवंतनगर थाना क्षेत्र के नवानगर गांव निवासी राजकुमार सिंह के पुत्र नीतीश कुमार सिंह, नालन्दा जिले के बिहारशरीफ थाना क्षेत्र नई सराय संगत गली निवासी धनजी कुमार के पुत्र समीर विद्यार्थी उर्फ झून्नू और नई सराय निवासी अलख प्रसाद के पुत्र नंदन कुमार हैं।

इनमें बिहारशरीफ निवासी समीर विद्यार्थी और नंदन कुमार खरीदार हैं। मौके से बरामद रुपये भी उन्हीं के है, जो ब्राउन सुगर की बिक्री के बताये जा रहे हैं। एएसपी हिमांशु ने रविवार को प्रेस कांफ्रेंस में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि शनिवार की शाम नवादा थाना क्षेत्र के मौलाबाग स्थित एक मकान में कुछ लोगों द्वारा मादक पदार्थ की डील किये जाने की सूचना मिली। उस आधार पर एक विशेष दल गठित कर छापेमारी की गयी। टीम द्वारा मौलाबाग स्थित उस मकान में सर्च अभियान चलाकर हेरोइन/ब्राउन सुगर, नगद राशि, इलेक्ट्रॉनिक वेटेज और कैची बरामद की गयी। मौके से छह तस्करों को गिरफ्तार भी किया गया। उन सभी के मोबाइल भी जब्त कर लिया गया। एएसपी ने बताया कि पकड़े गए तस्करों से पूछताछ के आधार पर तस्करों के पूरे रैकेट की जानकारी ली जा रही है। फिलहाल सभी को न्यायिक हिरासत में जेल भेजा जा रहा है। बाद में सभी को रिमांड पर लेकर पूछताछ की जाएगी। टीम में सदर के राजस्व पदाधिकारी सह दंडाधिकारी शैलेंद्र कुमार यादव, नगर थाना के प्रभारी थानाध्यक्ष अविनाश कुमार, नवादा थाना के प्रभारी थानाध्यक्ष दारोगा सुरेश रविदास, डीआईय के दारोगा अवधेश कुमार, संजय कुमार सिन्हा, राजीव रंजन, राकेश कुमार, नवादा थाने की महिला दारोगा खुशबू कुमारी और एएसआई कामेश्वर दुबे शामिल थे।

### माले का छह दिवसीय राष्ट्रीय महाधिवेशन होगा आयोजित

**जहानाबाद।** पटना में आगामी 15 फरवरी को रैली और 15 से 20 फरवरी तक चलने वाला पार्टी के राष्ट्रीय महाधिवेशन की तैयारी के लिए भाकपा माले का जिला स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन शहीद भगत सिंह नगर पार्टी जिला कार्यालय में संपन्न हुआ। जिसका संचालन जिला सचिव कॉमरेड श्रीनिवास शर्मा ने किया। कैडर कन्वेंशन में बतौर मुख्य वक्ता कॉमरेड कमलेश शर्मा, प्रांतीय संयोजक एआईपीएफ एवं राज्य कमेटी सदस्य माले, कॉमरेड रामाधार सिंह, राज्य सचिव किसान महासभा, कॉमरेडकि0 दास, कॉमरेड शिव शंकर प्रसाद का मुकेश पासवान, कॉमरेड इन्द्रेश पासवान आदि नेताओं ने संबोधित किया। कन्वेंशन में जिला एवं प्रखंड कमेटी सदस्यों के अलावे ब्रांच सचिवों ने बड़ी संख्या में भाग लिया।

## लूटने के क्रम में युवक को मारी गोली, चेन व 20 हजार कैश लूटे

**केटी न्यूज/सासाराम**

जिले के नरसरीगंज थाना क्षेत्र में घूस के योगियानाथ मंदिर के पास रविवार शाम बाइक सवार लूटेरों ने लूट के क्रम में एक युवक को गोली मार दी। घायल युवक का इलाज डेहरी के निजी क्लिनिक में चल रहा है। घायल युवक की पहचान जोरखन बीगहा गांव के छोटू कुमार के रूप में की गई है। बताते हैं कि छोटू कुमार 23 साल अपने फुफा जय कुमार सिंह के साथ नासरीगंज से बाइक पर अपने गांव लौट रहा था।

इस क्रम में जब वह योगिया बाबा के मंदिर पहुंचा तभी एक अन्य बाइक जिसपर तीन लोग सवार थे, उनके बाइक से अक्रा गई। बताते हैं कि बाइक सवारों ने जानबूझकर टक्कर मारा। जिससे छोटू और उसके फूफा गिर गए। तब उन बाइक सवार लूटेरो ने छोटू के गले का चेन छीन लिया और उसके फूफा के बैग से 20 हजार रूपए निकाल लिए। लूट के भागते लूटेरों को छोटू ने रोकने की कोशिश की तो वे कट्टा निकाल फायर करने लगे। जिसमें से गोली छोटू के पैर में लग गई और वह बुरी तरह घायल हो गया। जुटे लोगों ने घायल छोटू को डेहरी के निजी अस्पताल में पहुंचाया जहा उसका इलाज चल रहा है।

### 12वीं की छात्रा को बेरहमी से पीटा, एसपी ने दिए जांच के आदेश

**केटी न्यूज/सासाराम**

जिले के अकोढ़ीगोला इलाके के लंगेश्वर बीघा निवासी छात्रा के थाने में मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़ित छात्रा प्रेम नगर कॉलेज में 12वीं की छात्रा है। थानाध्यक्ष द्वारा बैंक की शाखा पैसे चोरी के मामले में छात्रा को थाना बुलाया गया और उसके साथ मारपीट की गई। घायल छात्रा द्वारा एसपी से न्याय की गुहार लगाई गई है। मामले में एसपी आशीष भारती ने जांच के आदेश दिए हैं। मामला पिछले सप्ताह का बताया जाता है। पीड़ित छात्रा द्वारा एसपी के पास आवेदन करवाया गया है। जिसमें उसने 20 व 21 नवंबर को अकोढ़ीगोला थाने में उसके मारपीट और टार्चर करने का आरोप थानाध्यक्ष पर लगाया है।

बताते हैं कि दक्षिण बिहार ग्रामीण बैंक के ग्राहक सेवा केंद्र द्वारा अकोढ़ीगोला थाने में ढाई लाख रुपए चोरी होने की प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। इसी मामले में उक्त छात्रा पर आरोप लगाया गया है। जबकि छात्रा का कहना है कि वह बैंक में पासबुक अपडेट कराने गई थी।

### ब्रेकिंग द बैरियर्स प्रोजेक्ट के तहत राज्य के 3 जिलों में अध्यन के नतीजों पर हुई बैठक में चर्चा

# प्रवासी व हाशिये पर रह रहे लोगों को किया जा रहा जागरूक : डॉ. बीके मिश्र

- केयर इंडिया के सहयोग से चिन्हित समुदाय में जगायी जा रही है टीबी से सुरक्षा की अलख
- भागलपुर, पुर्णिया एवं पश्चिमी चंपारण में किया गया अध्ययन

**केटी न्यूज/पटना**

"टीबी के सबसे ज्यादा मरीज समुदाय के अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यकों एवं प्रवासी मजदूरों में पाए जाते हैं। कर्नाटक हेल्थ प्रमोशन



ट्रस्ट द्वारा संचालित "ब्रेकिंग द बैरियर्स" प्रोजेक्ट के तहत यह पाया गया है कि समुदाय के इन लोगों को टीबी के बारे में जागरूक करने की जरुरत है। सोशल मीडिया की मदद से भी ऐसे चिन्हित समुदाय को जागरूक किया जा सकता हैह्व, उक्त बातें राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी, यक्ष्मा डॉ. बीके मिश्र ने ह्लब्रेकिंग द बैरियर्सह्व प्रोजेक्ट के अध्ययन के नतीजों का आंकलन करने के लिए बुलाई गयी बैठक के दौरान कही। उक्त बैठक में डॉ. बीके मिश्र, केयर इंडिया के संजय सुमन, विश्व स्वास्थ्य संगठन के डॉ. उमेश त्रिपाठी, भागलपुर, पुर्णिया एवं पश्चिमी चंपारण के जिला यक्ष्मा पदाधिकारी, ब्रेकिंग द बैरियर्स प्रोजेक्ट की प्रमुख रेहाना बेगम सहित अन्य लोग मौजूद थे।

**तीन जिलों में किया गया अध्ययन:** डॉ. बेके मिश्र ने बताया कि समुदाय के जो भी लोग निक्षय मित्र बनने के लिए आगे आये हैं उन्हें अपने क्षेत्र में प्रवासी एवं हाशिये पर रह रहे लोग जिन्हें टीबी रोग है उन्हें गोद लेने की पहल करनी चाहिए। इससे इन समुदायों में टीबी को लेकर जागरूकता बढ़ेगी। डॉ. मिश्र ने बताया कि प्रोजेक्ट के तहत भागलपुर जिले में शहर में रह रहे अनुसूचित जाति एवं अल्पसंखकों तथा पुर्णिया एवं पश्चिमी चंपारण में प्रवासी मजदूरों पर यह अध्ययन किया गया है। उन्होंने कहा कि चिन्हित समूह के लोग टीबी के लक्षणों को हमेशा पहचान नहीं पाते हैं और झोलाछाप चिकित्सकों के चक्कर में अपनी सेहत से खिलवाड़ करते हैं।

**समुदाय से उपेक्षित होना का है भय:** डॉ. मिश्र ने बताया कि अध्ययन के नतीजों से स्पष्ट है कि इन समूह के लोगों को टीबी से ग्रसित होने पर समुदाय द्वारा कलंकित होने का भय सताता है। इसके कारण लोग अपने रोग को छिपाकर अपनी जिंदगी को खतरे में डाल रहे हैं। सामुदायिक स्तर पर इन लोगों को जागरूक करने की जरुरत है, ताकि राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन कार्यकरण के तहत राज्य में 2025 तक इस रोग का उन्मूलन किया जा सके। अध्ययन में आये नतीजों को गंभीरता पूर्वक लेकर सभी को एक साथ सामूहिक प्रयास करने की जरुरत है।

### पिकअप व बाइक की टक्कर में एक की मौत

**जहानाबाद।** जिले के हुलासगंज प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत मुरगांव बाजार के पास एक पिकअप भान ने मोटरसाइकिल सवार को जोरदार टक्कर मार दी। जिसकी मौत घटनास्थल पर हो गई। बताया जाता है कि नालंदा जिला अंतर्गत बारा गांव निवासी नीतीश कुमार मुरगांव में अपने किसी रिश्तेदार के यहां से मिलकर शनिवार की शाम लौट रहा था। इस बीच मुरगांव के पास विपरीत दिशा से आ रही पिकअप वैन ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे नीतीश कुमार को मौके पर मौत हो गई। स्थानीय लोगों के द्वारा घटना की जानकारी उसके परिजन व हुलासगंज थाना को दी। जिसके बाद दोनों मौके पर पहुंचे। परिजनों के अनुसार नीतीश बहुत ही मेधावी छात्र था।

## खबरें फटाफट

### महादलित टोला में भारी मात्रा में शराब विनष्ट

**केसठ।** नावानगर थानाध्यक्ष राजीव रंजन राय के नेतृत्व में पुलिस ने केसठ गांव में छापेमारी अभियान चलाया। छापेमारी में जमीन के अंदर छिपाकर रखी गई एक हजार लीटर अर्धनिर्मित महुआ शराब को जमीन पर गिरा विनष्ट किया गया। जबकि तस्कर के घर के पीछे से 10 लीटर महुआ शराब बरामद किया गया। पुलिस की छापेमारी के दौरान कारोबारी भाग खड़े हुए थे। इसकी पुष्टि करते हुए थानाध्यक्ष राजीव ने बताया कि दस लीटर महुआ शराब को बरामद किया गया है। जबकि एक हजार लीटर अर्द्धनिर्मित महुआ शराब को नष्ट कर दिया गया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि शराब निर्माण बिक्री के आरोप में तीन को चिन्हित कर उनपर उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज कराया गया है।

### किसानों को दी गई पराली प्रबंधन की जानकारी

**नावानगर।** खेतों में धान कटिंग के बाद फसल अवशेष को आग के हवाले नहीं करने की कृषि विभाग अथक प्रयास कर रही है। इसी के तहत प्रखंड के बेलांव एवं बेलहरी में नुक्कड़ नाटक कर किसानों को जागरुक किया गया। नुक्कड़ नाटक के माध्यम कलाकारों ने फसल अवशेष जलाने पर होने वाले नुकसान के बारे में बताया गया। नाटक के माध्यम से किसानों को बताया गया कि कैसे खेतों में फसल अवशेष जलाने से धीरे-धीरे जमीन बंजर हो जाती है। नुक्कड़ नाटक का नेतृत्व प्रखंड के कृषि समन्वयक सुधीर पाठक ने किया। इस दौरान बड़ी संख्या में किसान मौजूद थे। उपस्थित किसानों ने एक स्वर में पराली नहीं जलाने का संकल्प भी लिया।

### सब्जी मंडी से बाइक चोरी, मामला दर्ज

**डुमरांव।** कोरानसराय थाना क्षेत्र के स्थानीय सब्जी मंडी के पास खड़ी एक बाइक को उचक्कों ने गायब कर दिया है। इस मामले में पीड़ित कोपवां गांव निवासी तारकश्वर दास ने कोरानसराय थाने में आवेदन देकर मामला दर्ज कराया है। पुलिस मामले को दर्ज कर चोरों की पहचान करने में जुट गयी है। मिली जानकारी के अनुसार पीड़ित कोरानसराय सब्जी मंडी में अपनपी हिरो की पैशन बाइक को खड़ा कर सब्जी की खरीदारी कर रहा था। जब वापस लौटा तो उसकी बाइक गायब हो गई थी। काफी खोजबीन के बाद भी जब उसकी बाइक नहीं मिली तो पीड़ित ने स्थानीय थानें में एफआईआर दर्ज कराया है।

# जलभरी के साथ ठोरी पांडेयपुर में शुरू हुआ रूद्र महायज्ञ, शामिल हुए हजारों श्रद्धालु

- जलभरी यात्रा में आकर्षण का केन्द्र रहे हाथी, घोड़े व उंट
- यज्ञ स्थल पर होगी व्यापक सुरक्षा व्यवस्था, ड्रोन कैमरे से होगी निगरानी

**केटी न्यूज/डुमरांव**



ठोरी पांडेयपुर में आयोजित रूद्र महायज्ञ का रविवार को जलभरी के साथ शुरू हो गया है। शुभ मुहुर्त में यज्ञ मंडप में हाथी, घोड़े व उंट के साथ हाथों में कलश लिए निकले हजारों श्रद्धालु परंपरा के तहत गांव का परिक्रमा करने के बाद बैदा, चौगाई, मुरार होते हुए कोरानसराय थाना के पास पहुंचे। यहा पहले से ही मोक्षदायिनी मां गंगा का जल लाया गया था। जिसे तालाब में डाला गया। फिर उसी पवित्र तालाब से जल लेकर श्रद्धालु यज्ञ स्थल पर पहुंचे। कलश यात्रा में हजारों नर नारी शामिल हुए थे। उनके द्वारा यज्ञ नारायण भगवान के जयघोष लगाए जा रहे थे। सोमवार को विधि विधान से अरणी मंथन, पंचाग पूजन व मंडप पूजन के साथ ही वैदिक मंत्रोच्चार के साथ यह महायज्ञ विधिवत शुरू हो जाएगा। पुणाहूति छह दिसंबर को आयोजित है। यह महायज्ञ महान संत श्री त्रिदंडी स्वामी जी महाराज के परम शिष्य श्रीलक्ष्मी प्रपन्न जीयर स्वामी जी महाराज के मंगलानुशासन और नारायणाचार्य जी महाराज के निर्देशन में हो रहा है। जलभरी के दौरान आचार्य उमाकांत ओझा, उपाचार्य उदयनाराण शास्त्री, पंडित अशोक पांडेय, आशीष पांडेय, आचार्य श्रीनिवास मिश्र, पंडित पंकज शास्त्री, पंडित विद्याधर तिवारी समेत आयोजन समिति के सदस्य व हजारों ग्रामीण व श्रद्धालु शामिल थे।

### जलभरी के साथ भक्तिमय बना माहौल

महायज्ञ की शुरूआत होने से इलाके का माहौल भक्तिमय बन गया है। सुबह से ही इस महायज्ञ को ले ग्रामीणों व आस पास के श्रद्धालुओं में उत्साह व्याप्त था। लोग नहा धोकर तथा शुभ वस्त्र पहन हाथों में कलश लिए जलभरी यात्रा में शामिल होने के लिए बेताब थे। इधर महायज्ञ आयोजन समिति द्वारा भी काफी अच्छी तैयारी की गई है। यज्ञ स्थल पर भव्य यज्ञ मंडप और विभिन्न मार्गों पर आकर्षक प्रवेश मार्गों का निर्माण किया गया है। गांव और इलाके में भक्तिरस की अविरल धारा प्रवाहित हो रही है। महायज्ञ आयोजन समिति के सदस्यों ने जानकारी देते हुए बताया कि यह धार्मिक अनुष्ठान 27 नवंबर से छह दिसंबर तक चलेगा। होंगे। 28 नवंबर से छह दिसंबर तक नित्य भागवत पूजन, प्रवचन एवं भजन संध्या कार्यक्रम होगा। पांच दिसंबर को महायज्ञ की पूणार्हुति और छह दिसंबर को ही वृहद भंडारे का भी आयोजन किया गया है। महायज्ञ को ले सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए है तथा ड्रोन कैमरे से भी निगरानी की जाएगी।

### भागवत कथामृत का पान करेंगे श्रद्धालु

इस महायज्ञ में चर्चित भागवत कथा वाचक प्रेम नारायणाचार्य उर्फ पीतांबर जी महाराज तथा धनंजय शास्त्री जी महाराज के द्वारा भागवत कथा का वाचन किया जाएगा। भागवत कथा वाचन की जानकारी मिलते ही आस पास के श्रद्धालुओं का जमावड़ा भी लगने लगा है। इस महायज्ञ में देश के कोने कोने से संत महात्मा और विद्वान प्रवचन कताओं का आगमन हो रहा है। इस महायज्ञ को लेकर स्थानीय लोगों में अदम्य उत्साह देखने को मिल रहा है। खासकर युवा वर्ग सुबह से शाम तक महायज्ञ स्थल पर अपनी सेवा दे रहे हैं।

## जानबूझकर सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ रही है भाजपा

# लोस चुनाव में एनडीए का होगा सूपड़ा साफ महागठबंधन की बनेगी सरकार : शिवानंद

- राजद के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ने डुमरांव में किया प्रेस वार्ता

**केटी न्यूज/डुमरांव**



लोगों से बातचीत करते शिवानंद तिवारी

केन्द्र सरकार आरएसएस व मोहन भागवत की कठपुतली मात्र है। भाजपा सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने की राजनीति कर रही है। बेरोजगारी व महंगाई के मुद्दे पर केन्द्र सरकार बूरी तरह से विफल है। उक्त बातें राजद के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह राजद संसदीय बोर्ड के सदस्य शिवानंद तिवारी ने सोमवार को डुमरांव में प्रेस वार्ता के दौरान कही। वे जिले में एक निजी कार्यक्रम में शामिल होने आए थे। इस दौरान नगर के ठठेरी बाजार मोहल्ले के एक निजी अहाते में प्रेस वार्ता आयोजित कर वर्तमान राजनीति से लेकर 2024 में होने वाले लोक सभा चुनाव पर भी बेबाकी से अपनी बात रखी। जबकि राजद और जदयू के विलय के सवाल पर उन्होंने इसे मीडिया की उपज बताया और कहा कि फिलवक्त ऐसा संभव नहीं है।

**मंदिर मस्जिद के नाम पर मुद्दे को भटका रही है भाजपा :** शिवानंद तिवारी ने कहा कि भाजपा सरकार के पास कोई मुद्दा नहीं है। बेरोगजारी दूर करने और महंगाई घटाने के वायदे पर जनता ने मोदी सरकार के पक्ष में बहुमत दिया था। लेकिन पिछले आठ सालों में मोदी सरकार ने ऐसा कुछ भी नहीं किया है, जिससे महंगाई घटे तथा युवाओं को रोजगार मिल सके। इसके बदले भाजपा सरकार सांप्रदायिक उन्माद फैला तथा मंदिर मस्जिद के नाम पर मुद्दे को भटका रही है। उन्होंने कहा कि जनता सब जान चुकी है तथा आगामी लोस चुनाव में भाजपा का सूपड़ा साफ होगा। बिहार में एनडीए का खाता भी नहीं खुलेगा।

**चुनाव नहीं लड़ूंगा, बल्कि राजद का संरक्षक बना रहूंगा :** वहीं, बिहार में नई बनी महागठबंधन की सरकार पर उन्होंने कहा कि इस सरकार को जनता पसंद कर रही है। कम दिनों में महागठबंधन की सरकार ने जनता के बीच बहुत लोकप्रियता हासिल कर चुकी है। जनता इस सरकार के कार्यशैली को पसंद कर रही है। एक सवाल के जबाव में उन्होंने बक्सर लोस से अपनी उम्मीद्वारी पर उम्र का हवाला देते हुए कहा कि अब मैं 80 वर्षों का हो चुका हूं। चुनाव नहीं लड़ूंगा, बल्कि राजद का संरक्षक बना रहूंगा। इस मौके पर राजद नेता अखिलेश यादव, मेहंदी हसन, जगनारायण यादव, भस्माकर दूबे, अर्जुन कुशवाहा, ओमप्रकाश दूबे, कमलेश सिंह, श्याम जी गुप्ता आदि उपस्थित थे।

### बक्सर से रहा है खास लगाव

बिहार की राजनीति के चाणक्य मानें जाने वाले वरिष्ठ राजद नेता शिवानंद तिवारी ने कहा कि बक्सर संसदीय क्षेत्र से उनका खास लगाव रहा है। संसदीय क्षेत्र के अधिकतर लोगों को निजी रूप में जानता व पहचानता हूं। इनके दुःख व दर्द में हमेशा साथ खड़ा रहा हूं। उन्होंने कहा कि जबतक जिंदा रहूंगा, तबतक बक्सर संसदीय क्षेत्र में मेरी आत्मा बसती रहेगी। गौरतलब है कि कुशल रणीनतिकार माने जाने वाले शिवानंद तिवारी दो बार बक्सर संसदीय क्षेत्र से चुनाव भी लड़ चुके है। हालांकि इस दौरान उन्हें कभी जीत नसीब नहीं हुई। लेकिन जनता के बीच उन्होंने अपनी गहरी छाप छोड़ी थी। उनको मिलने वाले मत इस बात के सबूत है।

# धर्मावती नदी में डूबा किशोर, घंटों बाद गोताखोरों ने निकाला शव, मचा कोहराम



- राजपुर थाना क्षेत्र के तिवाय गांव की है घटना

**केटी न्यूज/राजपुर**

स्थानीय थाना क्षेत्र के तिवाय गांव के एक किशोर की धर्मावती नदी में डूबने से मौत हो गई है। मृतक गांव के रमेश यादव का पुत्र करिया यादव उम्र 12 वर्ष है। हालांकि, वह नदी में कब डूबा इसकी जानकारी नहीं मिल सकी है। बताया जाता है कि उसके पिता रमेश बधार में घास काटने गए थे। इस दौरान करिया भी पीछे पीछे चला गया था। वहा जब पिता ने खेत में अपने पुत्र को देखा तो उसे डांटकर घर जाने को कहा। पिता की डांट के बाद वह लौटा जरूर, लेकिन घर नहीं पहुंच सका। अनुमान लगाया जा रहा है कि पैर फिसलने के कारण वह नदी में गिर गया होगा तथा गहरे पानी में डूबने से उसकी मौत हो गई होगी। शाम में जब रमेश वापस घर लौटा तो देखा कि उसका पुत्र घर नहीं आया था। इसके बाद उसकी खोजबीन शुरू हुई। काफी खोजबीन के बाद भी जब उसका कुछ सुराग नहीं मिला तो आशांका के तौर पर ग्रामीण गोताखोर रात में धर्मावती नदी में उतर शव की तलाश करने लगे। गोताखोरों ने करीब ढाई घंटे के प्रयास में नदी से उसके शव को बाहर निकाला। तबतक रात के दस बज चुके थें, इसके बाद इस घटना की सूचना राजपुर पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही राजपुर पुलिस मौके पर पहुंची तथा शव को कब्जे में पोस्टमार्टम करा रविवार को परिजनों को सौंप दिया। इस घटना के बाद से पीड़ित परिवार में कोहराम मचा हुआ है। राजपुर थानाध्यक्ष युसुफ अंसारी ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि ग्रामीणों की सूचना पर रात में ही शव को कब्जे में ले पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। उन्होंने कहा कि पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को शव सौंप दिया गया है।

# भारत जोड़ो यात्रा में शामिल होने बक्सर से रवाना हुए कांग्रेस नेता



**केटी न्यूज/बक्सर**

रविवार को बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी का जत्था बस द्वारा भारत जोड़ो पदयात्रा में शामिल होने इंदौर के लिए रवाना हुआ। जिसमें बक्सर जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष बजरंगी मिश्र को बक्सर जिले का प्रतिनिधित्व करने के लिए बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रभारी भक्त चरण दास एवं बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉक्टर मदन मोहन झा ने अंगवस्त्र से सम्मानित कर पदयात्रा में शामिल होने के लिए बस को हरी झंडी दिखा रवाना किया। बजरंगी मिश्र ने कहा कि खुद का कांग्रेस का सिपाही बताते हुए कहा कि वे आजीवन पार्टी के निर्देशों का पालन करते रहेंगे।

बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के पूर्व सचिव कामेश्वर पांडेय, राजा रमण पांडेय, राजर्षि राय, राम प्रसन्न द्विवेदी, रामस्वरूप अग्रवाल, वीरेंद्र राम, कमल पाठक, श्रीकृष्ण चौबे, धनजी पांडेय, सुधीर चौबे, गुप्तेश्वर चौबे, विनय सिंह, साधना पांडेय आदि ने बजरंगी मिश्र को पदयात्रा में शामिल होने के लिए बधाई दी। इन नेताओं ने कहा कि वे सदैव पार्टी के प्रति वफादार रहें है। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि राहुल गांधी के नेतृत्व में चलाई जा रही भारत जोड़ो यात्रा में आम लोगों की रूचि बढ़ते जा रही है। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि 2024 में केन्द्र में कांग्रेस के नेतृत्व में ही सरकार बनेगी।

# स्वच्छता का माखौल... कूड़ा डंपिंग जोन बना केसठ का आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 85

- मजबूरी में सेविका घर में संचालित कर रही है केन्द्र

**केटी न्यूज/केसठ**



प्रखंड में स्वच्छता को लेकर जगह-जगह दीवारों पर जागरूकता से जुड़े स्लोगन लिखे जा रहे हैं। सरकार भी गांवों को स्वच्छ व सुंदर बनाने के लिए लोहिया स्वच्छ बिहार अभियानह्न चला रही है। इस अभियान के फेज 2 के अंतर्गत हमारा स्वच्छ सुंदर गांव का नारा दिया जा रहा है।

लेकिन प्रखंड के केसठ पंचायत के वार्ड 15 में संचालित आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 85 के सामने फैला कचरा एवं गंदगी स्वच्छता अभियान को मुंह चिढ़ा रहा है। इस अर्द्धनिर्मित आंगनबाड़ी केन्द्र के चारों तरफ ग्रामीणों द्वारा कूड़ा कचरा फेंक दिया गया है। जिससे अभिभावक अपने बच्चों को इस आंगनबाड़ी में नहीं भेज रहे है। आलम यह है कि इसके संपर्क केन्द्र से लेकर परिसर तक कूड़े कचरे का अंबार लगा हुआ है। केन्द्र को कूड़ा डंपिंग जोन बना दिए जाने के बाद से सेविका इसे अपने घर में ही संचालित कर रही है। सेविका अंजुम आरा ने बताया कि आंगनबाड़ी भवन 2021 में उद्घाटन हुआ था। जिसमें मात्र दो माह ही बच्चे पढ़ाई कर सकें। स्थानीय लोगों द्वारा आंगनबाड़ी केंद्र के सामने कूड़ा कचरा फेंके जाने लगा जिससे आंगनबाड़ी केंद्र का आने जाने वाला रास्ता बंद हो गया। उन्होंने कहा कि इसकी शिकायत प्रखंड कार्यालय, जनप्रतिनिधि सहित आईसीडीएस से भी की गई है। लेकिन जब इससे निजात नहीं मिली तथा अभिभावक अपने नौनिहालों को यहा भेजने से कतराने लगे तब से मजबूरन इसे अपने घर में संचालित करना पड़ रहा है।

## एक नजर

### साइबर अपराधियों ने क्रेडिट कार्ड की जानकारी मांग खाते से उड़ाए 1.40 लाख रुपए, एफआईआर

**डुमरांव।** प्रशासन व बैंक द्वारा लाख समझाने के बावजूद उपभोक्ता साइबर अपराधियों के जाल में फंस जा रहे हैं। ताजा मामला डुमरांव के टेक्सटाईल कॉलोनी के एक उपभोक्ता का है। उनकी जरा सी लापरवाही पर साइबर अपराधियों उनके खातें से एक ही दिन में 12 बार में 1.40 लाख रुपए निकाल लिए। जब उनके खातें से पैसा कटने का मैसेज आया तब उन्हें समझ में आया कि वे साइबर अपराधियों के शिकार बन गए है। पीड़ित उपभोक्ता अरूण कुमार सिंह ने बताया कि उनके मोबाईल पर एक फोन आया था। फोन करने वाले ने बोला कि वह मुंबई से बैंक अधिकारी बोल रहा है तथा उसने अरूण के क्रेडिट कार्ड का डिटेल्स ले लिया। फोन कटते ही उनके खातें से पैसा कटने लगे। कुल 12 बार में 1.40 हजार रुपए कटने के बाद पीड़ित ने स्थानीय थाने के साइबर सेल में इसकी लिखित शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत दर्ज कर पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है। गौरतलब है कि साइबर अपराधियों के चंगुल से बचाव के लिए उपभोक्ताओं को बैंक तथा पुलिस द्वारा समय समय पर जागरूक किया जाता है। यह भी बताया जाता है कि बैंक कभी फोन कर डिटेल्स नहीं मांगता है। बावजूद उपभोक्ता साइबर अपराधियों के जाल में फंस ही जाते है। थानाध्यक्ष बिंदेश्वर राम ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

### विवाद में युवक को पीटा, मामला दर्ज

**डुमरांव।** नया भोजपुर ओपी थाना क्षेत्र के चिलहरी गांव में आपसी विवाद में एक युवक की पिटाई किये जाने का मामला प्रकाश में आया है। पिटाई के दौरान युवक का बायां हाथ टूटे जाने की बात बतायी जाती है। इस घटना के बाद चिलहरी गांव निवासी अवधेश यादव के पुत्र ओमजी यादव ने गांव के ही तीन युवकों के खिलाफ आरोप लगाते हुए नामजद मामला दर्ज कराया है. पुलिस मामले को दर्ज कर जांच-पड़ताल शुरू कर दी है। घटना को लेकर पीड़ित ने अपने दिये गये आवेदन में बताया है कि गांव के ही नितेश सिंह सहित दो अन्य लोग रास्ते मे घेरकर पिटाई कर दी। इसके पूर्व मेरे धान के 200 बोझा में आग लगाने का भी पीड़ित ने नामजदों पर आरोप लगाया है। साथ ही पुलिस से परिवार की रक्षा करने की गुहार लगायी है। ओपी पुलिस ने बताया कि पुलिस मामले को दर्ज कर अनुसंधान शुरू कर रही है।

### सीताराम विवाह महोत्सव में हल्दी मटकोर के बाद निकाली गई प्रभु श्रीराम की भव्य बारात

**बक्सर।** 53वें श्री सीताराम विवाह महोत्सव के सातवें दिन श्री सीताराम विवाह महोत्सव के सातवें दिन आज आश्रम परिसर में प्रभु श्रीराम के हल्दी एवं मटकोर का रस्म आयोजित किया गया विवाह महोत्सव स्थल स्थित बड़े मंच पर पूरे विधि विधान के साथ संतो और भक्तों के द्वारा हल्दी मटकोर किया गया। हल्दी मटकोर रस्म के बाद आश्रम परिसर से प्रभु श्रीराम जी की भव्य बारात निकाली गई बारात आश्रम परिसर से निकलकर पूज्य खाखी बाबा की समाधि स्थल महर्षि विश्वामित्र महाविद्यालय पहुंचा। जहां महाविद्यालय परिवार के द्वारा बारात का भव्य तरीके से स्वागत किया गया और खाकी बाबा के पूजन के पश्चात वहां से बारात नगर भ्रमण करते हुए आश्रम परिसर की ओर प्रस्थान कर गया प्रभु श्रीराम के बारात में समस्त देवी देवता और संत मुनि गन की भव्य झांकी निकाली गई।

## वन-वे ट्रैफिक नियमों का पालन नहीं होने से डीएम सख्त, दिया कार्रवाई का निर्देश

# ट्रैफिक नियम तोड़ने पर सरकारी अधिकारियों पर भी लगेगा जुर्माना

- नियम तोड़ने वाले पदाधिकारियों का नाम भी किया जाएगा सार्वजनिक

**केटी न्यूज/बक्सर**




बक्सर में वन वे ट्रैफिक नियमों का पालन नहीं होने से डीएम अमन समीर सख्त हो गए है। खासकर सरकारी कर्मियों तथा पदाधिकारियों द्वारा भी इस नियम को तोड़ा जा रहा है। इस पर डीएम ने रविवार को काफी कड़ा निर्देश जारी किए है। उन्होंने कहा है कि वन-वे ट्रैफिक नियमों को तोड़ने वाले सभी सरकारी कर्मियों तथा पदाधिकारियों पर भी जुमार्ना लगा उनकी सूची सार्वजनिक की जाए। बता दें कि पिछले कुछ दिनों से ऐसी शिकायतें मिल रही थी कि कुछ सरकारी पदाधिकारी ही वन-वे ट्रैफिक नियम का पालन नहीं कर रहे हैं एवं जांच करने पर उल्टा पुलिस कर्मियों पर ही धौंस जमाते हैं।

इन शिकायतों से अनुमंडल पदाधिकारी, बक्सर द्वारा जिला पदाधिकारी को अवगत कराया गया था एवं बताया गया था कि इससे प्रशासन की छवि धूमिल हो रही है। इसके बाद ही जिला पदाधिकारी का यह फरमान आया है। इतना ही नहीं, जिलाधिकारी ने अनुमंडल पदाधिकारी, बक्सर को निदेश दिया है कि सरकारी पदाधिकारियों द्वारा नियम तोड़ने पर न केवल उनपर जुमार्ना किया जाए बल्कि इसकी सूचना सार्वजनिक भी की जाए ताकि इसका एक सख्त संदेश जाए। वन वे ट्रैफिक नियम के साथ ही अन्य ट्रैफिक नियमों का मजबूती से पालन कराने के लिए डीएम ने सभी कार्यालय प्रधानों को अपने अधीनस्थों को हेमलेट पहन बाइक चालने के लिए प्रेरित करने की बता भी कही है।

**ट्रैफिक नियमों को तोड़ने वालों की मुश्किलें बढ़ने की उम्मीद :** डीएम के इस तेवर के बाद बक्सर में ट्रैफिक नियमों को तोड़ने वालों की मुश्किलें बढ़ने की उम्मीद है। बता दें कि शारदीय नवरात्र के पहले दिन से ही बक्सर शहरी क्षेत्र में वन वे ट्रैफिक नियम को लागू किया गया था। लेकिन इस नियम के लागू होने के पहले दिन से ही इसका अनुपालन नहीं हो सका है। बल्कि जानकारों का कहना है कि खुद प्रशासनिक महकमा व सरकारी मुलाजिम ही इस कानून को सबसे अधिक बार तोड़े है। वहीं, ट्रैफिक पुलिस के विरोध करने पर धौंस जमा उनके मुंह बंद करा दिए है। इसके अलावे सामाजिक सरोकार से जुड़े लोग भी बक्सर में प्रशासन के इस नए ट्रैफिक नियम को तवज्जों नहीं दिया था। जिसके बाद बड़े पैमाने पर लोगों द्वारा भी इसे तोड़ा जाने लगा है। जिसका सीधा असर यहा की ट्रैफिक व्यवस्था पर पड़ा है। लगातार ट्रैफिक के ध्वस्त होते रहने की सूचना के बाद ही डीएम ने ऐसा तेवर अख्तियार किया है।

सुविचार



भागवत गीता

इस दुनिया में कर्मयोग ही वास्तव में श्रेष्ठ रहस्य है।

बड़ी खबर रिजल्ट में त्रुटि के खिलाफ छात्रों ने खोला...

केशव टाइम्स

बक्सर, 28 नवम्बर 2022

बलिया/गाजीपुर/मऊ

website : keshavtimes.co

e-mail:keshavtime@gmail.com



# हिन्दुत्व पुनर्जागरण के लिए हुई भव्य दीपोत्सव महाआरती, जलाये गए 11 हजार दीये

■ साप्ताहिक आरती के पांच साल पूरे होने के उपलक्ष्य में हुआ कार्यक्रम

**केटी न्यूज/मऊ**

हिन्दुत्व पुनर्जागरण के लिए जिला हिन्दू युवा वाहिनी द्वारा कोपागंज प्रखंड के ग्राम सभा लैरो दोनवार स्थित प्राचीन शिव मन्दिर विगत वर्ष 2017 से प्रारंभ किए गए साप्ताहिक आरती के पांच साल पूरे होने के उपलक्ष्य में बीती रात भव्य दीपोत्सव महाआरती व भंडारा का आयोजन किया गया। जिसमें 11 हजार दीपक से मन्दिर प्रांगण व सरोवर को भव्य रूप से सजाया गया। इस महाआरती से वाराणसी की गंगा आरती का स्वरूप उतारने का प्रयास किया गया। साथ ही, भंडारा के आयोजन से सामजिक समरसता का संदेश दिया गया।उक्त अवसर पर अजय सिंह योगी सेवक ने कहा कि हिन्दुत्व पुनर्जागरण अभियान को विगत पांच वर्ष पूर्व साप्ताहिक आरती के रूप में प्रारम्भ किया गया था। जो बिना रुके प्रत्येक शनिवार की संध्या को आयोजित होती चली आ रही है। वर्तमान युवा पीढ़ी को अपने धर्म संस्कृति के प्रति जागरूक करने का जो लक्ष्य हम लोगों ने प्रारम्भ किया था, वो शानदार तरीके से पांच वर्ष पूरे कर चुकी है और इससे हजारों लोग जुड़ जाते हैं और साथ ही हमारी आने वाली पीढ़ी भी अपने धर्म संस्कृति के प्रति जागरूक व समर्पित होगी। रघौली मन्दिर के पुजारी कन्हैया दास ने कहा कि इस तरह के आयोजन प्रत्येक गांवों में होना चाहिए। जिससे धर्मान्तरण व जात पात जैसी कुव्यस्थाओं पर रोक लगायी जा सके। डॉ. मिथलेश चौरसिया ने कहा कि दीपोत्सव हमें काशी की देव दीपावली व महाआरती से हमें काशी की गंगा आरती की झलक एक छोटे से गांव में देखने को मिलती है। गांव के लोगों में भी इस आयोजन को लेकर भारी उत्साह रहता है। मन्दिर के पुजारी सत्य प्रकाश ने कहा कि इस तरह के आयोजन से इस प्राचीन मन्दिर को पूरे देश में सोशल मिडिया के माध्यम से ख्याति मिलती है। जिससे हमारे मन्दिर व गांव का नाम रौशन हो रहा है। उक्त आयोजन में दिग्विजय राय, अरविन्द सिंह, अभिनन्दन मौर्य, सुमित सिंह, सौरभ सिंह, विजय सिंह, श्रवण विश्वकर्मा, यशवन्त जायसवाल सहित हजारों लोग उपस्थित रहे।





## शहर छोटी खबरें

### सड़क दुर्घटना में युवक घायल

**बलिया।** जिले के फेफना थाना क्षेत्र के सागरपाली चट्टी के पास टेंपो की टक्कर में बाइक सवार एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास के लोगों ने घायल युवक को जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां इलाज चल रहा है। घायल युवक का नाम प्रदीप यादव उम्र 18 है। वे बीती रात किसी काम से अपने गांव से बलिया आ रहा था, तभी शाम के वक्त दुर्घटना के शिकार हो गए। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसे घर जाने की अनुमति दे दी।

### मारपीट में तीन लोग घायल

**बलिया।** जिले के फेफना थाना क्षेत्र के माल्देपुर गांव में ईंट रखने को लेकर हुई मारपीट में महिला समेत में तीन लोग घायल हो गए। घायलों को आसपास के लोगों ने जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां इलाज चल रहा है। घायलों का नाम ज्योति साहनी 15, संगीता देवी 40 व मोनू साहनी उम्र 15 घायल हो गए। घायलों का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है। घटना की सूचना पर पुलिस कार्रवाई में जुट गई है।

### एनसीसी-डे पर किया गया रक्तदान

**गाजीपुर।** स्वामी सहजानंद स्नातकोत्तर महाविद्यालय के एनसीसी कैडेट द्वारा एनसीसी-डे कार्यक्रम के तहत रक्तदान- महादान कार्यक्रम में बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर सहजानंद महाविद्यालय के एनसीसी अधिकारी ने बताया कि रक्तदान कर जीवन रक्षक के रूप में अपनी भूमिका समाज में स्थापित कर सकते हैं। रक्तदान कार्यक्रम में 38 कैडेट पंजीकृत हुए। जिसमें एसडी, एसडब्ल्यू कैडेट सम्मलित थे। डोनर को प्रमाण-पत्र एवं उपहार देकर सम्मान किया गया।

### रेलवे क्रॉसिंग पर घंटों पड़ा रहा शव

**गाजीपुर।** खानपुर थाना क्षेत्र के सिधौना निवासी नंदू गौड़ (62) की रामपुर रेलवे क्रॉसिंग पर ट्रेन से कटकर मौत हो गई। सिधौना रेलवे क्रॉसिंग पर पान दुकान चलाने वाला नंदू रामपुर रेलवे क्रॉसिंग पर मृत पाया गया था। शव की पहचान न होने पर सिधौना पुलिस ने उसके शव को गाजीपुर भेजकर पहचान कराने का प्रयास किया। नंदू के पुत्र जयकुमार ने बताया कि शुक्रवार की शाम रामपुर बाजार में सामान लेने निकले थे। इसी दौरान हादसे के शिकार हो गए।

## छात्रों ने प्राचार्य और कुलपति पर मांग को अनसूना करने का लगाया आरोप

# रिजल्ट में त्रुटि के खिलाफ छात्रों ने खोला मोर्चा, कॉलेज गेट के समक्ष दिया धरना

■ संघ के अध्यक्ष पद के प्रत्याशी सोनू यादव को प्रशासन ने हिरासत में लिया

■ कोतवाली के बाहर प्रदर्शन करने के खिलाफ समर्थक

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

पीजी कॉलेज, गाजीपुर के मुख्य द्वार को ताला लगाकर बंद करके छात्रों के रिजल्ट में हुई त्रुटि जैसे एबी, डब्ल्यूएच, आईएनसी, एफ छात्रों के रिजल्ट में नाम गलत आदि समस्या को दूर करने के लिए छात्रसंघ धरना पर बैठे। धरने की सूचना पर पहुंची पुलिस और प्रशासन ने छात्रों को धरना समाप्त कर वार्ता करने की बात कही। लेकिन, उग्र छात्र प्रशासन की सुनने को तैयार नहीं थे। ऐसे में प्रशासन ने सख्ती दिखाते हुए छात्रसंघ के अध्यक्ष पद के प्रत्याशी सोनू यादव को हिरासत में लेते हुए कोतवाली ले आए। छात्रसंघ के अध्यक्ष पद के प्रत्याशी के हिरासत में लेने की खबर आग की तरह फैल गई। जिसके बाद छात्रों का सैलाब कॉलेज की जगह कोतवाली की ओर रवाना हो गया। सोनू के यादव के समर्थकों और छात्रसंघ की टीम ने सोनू यादव को छुड़ाने के लिए कोतवाली के बाहर जमकर नारेबाजी करने के संबंध में प्रशासन द्वारा उनके साथियों को भी गिरफ्तार किया गया। पूरे दिन कोतवाली में गहमा गहमी का का माहौल बना रहा।



कोतवाली में वार्ता करते छात्र नेता व पुलिस पदाधिकारी

**रिजल्ट की गड़बड़ी पर छात्र-छात्राओं पर अतिरिक्त दबाव :** सोनू यादव ने बताया कि सबकी यही मांग है कि रिजल्ट को जल्द से जल्द सही की जाए और छात्रों की भविष्य को बचाया जाए। अन्यथा छात्र आत्महत्या करने के लिए तैयार हो गए हैं। रिजल्ट की गड़बड़ी के बाद अभिभावकों व रिश्तेदारों की ओर से भी छात्र-छात्राओं पर दबाव है। पूर्व जिलाधिकारी गाजीपुर मंगला प्रसाद के द्वारा भी दो बार कुलपति को रिजल्ट के संबंध में छात्रों का पत्रक अग्रेषित किया गया। लेकिन उनकी बात को अनसुनी की गई। कुलपति महोदय और प्राचार्य के द्वारा साथ मौजूद छात्र नेता गढ़- वर्तमान वाणिज्य संकाय अध्यक्ष शिवम पाल, धनंजय सिंह कुशवाहा, आशुतोष कुशवाहा, धीरज सिंह, आशुतोष यादव, दुर्गेश यादव, अभिषेक यादव रिशु, राजीव यादव रिशु, अभिषेक यादव, प्रिंस प्रजापति, गोविंद पाल, प्रवीण पांडेय, रूद्र प्रताप चौबे आदि छात्र छात्र नेतागण उपस्थित रहे।

### छात्रों की मांग अनसूनी कर रहे हैं कुलपति

सोनू यादव का कहना है कि यह धरना अपने प्राचार्य और कुलपति से विनम्रता पूर्वक आगरा का रिजल्ट की मांग को सही करने के लिए पत्रक देने के बावजूद छात्रों की मांग को अनसुनी करने के खिलाफ हुआ है। सभी काफी मानसिक रूप से परेशान थे और यह मांग लगभग तीन महीने पहले से चलती आ रही है। उन्होंने यह भी कहा कि 13/8/2022 को प्राचार्य को पत्र के माध्यम से विनम्रता पूर्वक आग्रह किया गया। लेकिन प्राचार्य के द्वारा कहा गया कि आप लोग स्वयं कुलपति से वार्ता करें। यादव का कहना है कि प्राचार्य अपने ऊपर कोई भी भार छात्रों की नहीं देते हैं सारी मांग को अनसुनी करते हैं तो भी सोनू यादव ने छात्रों की मांग को लेकर के कुलपति से भी एक बार शालीनता पूर्वक वार्ता किया। 29 सितंबर को जिसमें कुलपति महोदय से जल्द से जल्द रिजल्ट को संशोधित कराने की भी बात की गई, लेकिन अब तक रिजल्ट सही नही हुए। जिससे अत्यधिक मानसिक रूप से प्रताड़ित होने के कारण सभी छात्र सोनू यादव के साथ धरने पर बैठे।

## एक नजर

### डेंगू पीड़ित सिपाही की वाराणसी में इलाज के दौरान मौत, एसपी ने दिया कंधा



**गाजीपुर।** जनपद में तैनात डेंगू से पीड़ित एक पुलिसकर्मी की वाराणसी में इलाज के दौरान मौत हो गई। सूचना मिलने के बाद पुलिस महकमे में उदासी छा गई। बताया जाता है कि रायबरेली जिले के गुरबक्शगंज थाना अंतर्गत पूरे रामदीन निवासी श्री राम के बेटे सुनील कुमार गाजीपुर जिले में आरक्षी के पद पर तैनात थे। इनकी नियुक्ति 25 मई, 2019 में हुई थी। वर्तमान में वे जिले के सैदपुर थाना में आरक्षी के पद पर 18 दिसंबर 2019 से कार्यरत हैं। 26 नवंबर को बुखार डेंगू से पीड़ित होने के कारण वे अपना इलाज स्थनीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में करा रहे थे। लेकिन, उनकी हालत में कोई सुधार नहीं हो रहा था। आरक्षी के ठीक न होने पर डॉक्टरों द्वारा मंडलीय चिकित्सालय, दीनदयाल उपाध्याय वाराणसी रेफर कर दिया। जहां उसका उचित इलाज के लिए इन्फेंट्री केयर हॉस्पिटल अर्दली बाजार वाराणसी में इलाज कराया जा रहा था। बीती रात इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। जिसकी सूचना चिकित्सकों ने परिजनों और एसपी को दी। परिजन व पुलिस द्वारा शव को थाने पर लेकर आया है, जहां पंचायतनामा की कार्रवाई की गई। वहीं, रविवार को मृत सिपाही को राजकीय सम्मान के साथ पुलिस लाइन में श्रद्धांजलि दी। इस क्रम में एसपी ओमवीर सिंह ने भी सिपाही को श्रद्धांजलि दी। वहीं, एसपी ने मृत सिपाही के शव को कंधा भी दिया।

### पूर्व प्रधान हृदयनारायण सिंह की हत्या का हुआ खुलासा, मुख्य आरोपी गिरफ्तार



जिले के सुखपुरा थाना क्षेत्र अंतर्गत भलुई गांव में हुए पूर्व प्रधान ब्लाईंड मर्डर केस की उलझी गुत्थी सुलझ गयी है। पुलिस ने रविवार को तड़के भलुई गांव के पास ही मुठभेड़ में पूर्व प्रधान हत्याकांड के मुख्य आरोपी मुन्ना राजभर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस मुन्ना राजभर के पैर में गोली लगी है। पुलिस ने उसे घायलावस्था में जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। मुन्ना राजभर के पास से अवैध असलहा समेत अन्य सामान बरामद हुआ है। घटना 14 नवंबर की देररात की है। सुखपुरा थाना क्षेत्र के भलुही गांव निवासी पूर्व प्रधान हृदयनारायण सिंह (66) की हत्या बदमाशों ने सोते समय निर्मम तरीके से कर दी थी। करीब चार बार ग्राम प्रधान की कमान संभाल चुके हृदयनारायण सिंह की प्रतिष्ठा इलाके में थे। किसी से उनकी अदावत भी नहीं थी। उन्हें किसी भी पंचायत में बुलाया जाता था, क्योंकि वे सही निर्णय लेते थे। अचानक उनकी हत्या ने हर किसी को झकझोंर दिया। घटना के बाद से तत्कालीन पुलिस अधीक्षक राजकरन नय्यर और एएसपी डीपी तिवारी इस ब्लाइंड मर्डर केस की गुत्थी सुलझाने के प्रयास में जुटे हुए थे। पुलिस की विभिन्न टीमें लगातार इस पर काम कर रही थी। यह हाई प्रोफाइल मर्डर केस पुलिस के लिए चुनौती पूर्ण हो गया था। पुलिस टीम को रविवार तड़के भलुई गांव के पास ही हुए मुठभेड़ में सफलता मिली और पूर्व प्रधान हत्याकांड का मुख्य आरोपी मुन्ना राजभर को गिरफ्तार कर लिया गया। हालांकि, अब पुलिस मामले में पूछताछ करने में जुटी हुई है। जिसके बाद हत्याकांड में शामिल अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी की जाएगी।

### 4.5 किग्रा गांजा के साथ एक गिरफ्तार



**मऊ।** हलधरपुर पुलिस ने रविवार की पूर्वान्ह 11 बजे एक व्यक्ति को साढे चार किलो अवैध गांजा के साथ गिरफ्तार कर उसे जेल भेज दिया। रविवार को मुखबिर की सूचना पर दिन के 11 बजे थानाध्यक्ष हलधरपुर गंगा सागर मिश्र हमराहियों सहित पहसा बाजार में थे। उसी बीच मुखबिर ने सूचना दी कि एक व्यक्ति मझौली के तरफ अवैध गांजा मऊ में बेचने के लिए जा रहा है। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने योजना अनुसार मोहम्मद आरिफ पुत्र शमसुद्दीन निवासी रैकवारीडीह थाना सरायलखंसी को तलाशी लेकर साढे चार किलो अवैध गांजा के साथ गिरफ्तार कर लिया। जिसके बाद पूछताछ कर सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया।

### जमीन को लेकर लसरा में खूनी संघर्ष, दो दर्जन घायल

**मऊ।** जिले के हलधरपुर थाना क्षेत्र के लसरा ग्राम पंचायत में जमीनी विवाद में दो पक्ष आमने-सामने आ गए। मामला तू तू मैं मैं एवं गाली-गलौज से शुरू हुआ, और बाद में खूनी संघर्ष में बदल गया। दोनों पक्षों में जमकर लाठियां बरसी। जिसमें लगभग दो दर्जन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही चौकी प्रभारी रतनपुरा शिव श्याम मिश्रा थानाध्यक्ष हलधरपुर गंगासागर मिश्र, क्षेत्राधिकारी मधुबन ने मौके पर जाकर जांच कर स्थिति का जायजा लिया। वहीं, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रतनपुरा पहुंचकर घायलों की स्थिति देखी। गंभीर स्थिति को देखते हुए दो घायलों को जिला चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया गया। घायलों में एक पक्ष से रवि, पूनम, एकमी, पूर्णमासी, रीता, पूजा, कुलदीप, शंभू, शारदा देवी, धनंजय, विशाल शामिल हैं। दूसरे पक्ष के दयानंद, सत्यदेव, सूर्य देव, मनसा देवी, खुशबू, कोमल, अश्वनी, दयानंद एवं ननिहाल में रह रही रूबी बुरी तरह घायल हो गई। बताया जाता है कि जिस जमीन को लेकर मारपीट हुई, उसका मुकदमा उत्तर प्रदेश सरकार वनाम विनोद जिलाधिकारी न्यायालय में 2008 से ही चल रहा है।

## घर लौटने के दौरान कार ने बच्ची को मारी टक्कर, मौके पर मौत

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

जिले के नंदगंज थाना क्षेत्र के रामपुर बंतरा गांव के सामने शनिवार की देर शाम कार के धक्के से एक बच्ची की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

हादसे के बाद परिजनों के रोने बिलखने से गांव में शोक की लहर दौड़ गई। ग्रामीण परिजनों को सांत्वना देने में जुटे रहे। रामपुर बंथरा गांव निवासी आरोही (08) अपनी मां कुसुम के साथ शाम को खेत पर गई थी। देर शाम वह खेत से घर वापस लौट रही थी। सड़क पार करते समय वाराणसी से गाजीपुर जा रही तेज रफ्तार अनियंत्रित कार ने बच्ची को रौंद दिया। टक्कर इतनी तेज थी कि मासूम कई फीट हवा में उछलते हुए सड़क पर जा गिरी और गंभीर रूप से घायल हो गई। उधर, जब तक



आसपास के लोग मौके पर पहुंचते चालक कार लेकर फरार हो गया। ग्रामीण और परिजन बालिका को उपचार के लिए जिला अस्पताल लेकर आए जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हादसे के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं, बच्ची के साथ हुए इस हादसे को मां ने अपने सामने देखा। जिसके कारण वो सदमे में है। दूसरी ओर, गांव में मातमी सन्नाटा पसर गया। इस संबंध में थानाध्यक्ष महेंद्र सिंह ने बताया कि पीड़ित परिजनों की तहरीर पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

## अज्ञात वाहन ने कार में मारी जोरदार टक्कर, पति-पत्नी समेत तीन की मौत

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

जिले के सैदपुर थाना क्षंत्र अंतर्गत देवकली पेट्रोल पंप के पास शनिवार की देर रात एक कार में अज्ञात वाहन ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। जिसमें पति -पत्नी सहित तीन लोगों की मौत हो गई। ग्राम सुकी जिला वैशाली, बिहार निवासी धीरज कुमार अपने पत्नी मोनी व अपने मित्र आलोक के साथ कार से प्रयागराज अपने बेटे के पास जा रहे थे। तभी देवकली पेट्रोल पंप के पास कार में पीछे से अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी।

टक्कर इतनी जोरदार थी कि गाड़ी के परखच्चे उड़ गए। टक्कर की आवाज सुनकर आस-पास के लोग मौके पर पहुंचे। जहां मोनी देवी (40) की मौत हो गई। जबकि धीरज (45) व आलोक कुमार (35) बुरी तरह से घायल होकर कराह रहे थे। मौके पर पहुंची पुलिस घायलों को सैदपुर स्वस्थ्य केंद्र पहुंचाई, जहां रास्ते में दोनों लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने घर वालों को घटना की सूचना दिए। सूचना मिलने पर लोग घर पहुंचे। इस संबंध में थानाध्यक्ष नंदगंज ने बताया कि घटना में तीन लोगों की मौत हो गई है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।



घटना स्थल पर क्षतिग्रस्त वाहन

# समाज के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं महिलाएं : महाप्रबंधक

❒ क्रेडिट कैंप में 125 स्वयं सहायता समूहों के लिए ऋण हुए स्वीकृत

**केटी न्यूज/बलिया**

दीनदयाल अंत्योदय योजना राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत गठित एक सौ पचीस महिला स्वयं सहायता समूहों को भारतीय स्टेट बैंक के द्वारा कैश क्रेडिट लिमिट के माध्यम से छह लाख का ऋण स्वीकृत किया गयाकबांसडीह ब्लॉक परिसर में आयोजित विशेष कैंप कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भारतीय स्टेट बैंक के लखनऊ सर्कल के महाप्रबंधक आनन्द विक्रम तथा



उपमहाप्रबंधक धीरज कुमार द्वारा महिला स्वयं सहायता समूहों को ऋण स्वीकृति पत्र वितरित किया गयाकइस मौके पर मुख्य अतिथि भारतीय स्टेट बैंक के महाप्रबंधक आनन्द विक्रम ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि महिला समाज के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैंक महिला समूह के माध्यम से आजीविका संवर्धन के काफी बेहतरीन प्रयास किया जा रहा हैंक

**स्वयं सहायता समूह के कार्य में पैसों नहीं आएगी बाधा :** महाप्रबंधक आनन्द विक्रम ने बताया कि महिला स्वयं सहायता समूह के किसी कार्य में अब पैसे की बाधा नहीं आएगी। ऋण के लिए जो भी समूह भारतीय स्टेट बैंक से संपर्क करेगा, उसको ऋण उपलब्ध करवाया जायेगाकविदित हो कि भारतीय स्टेट बैंक द्वारा दिनांक 26 व 27 नवम्बर को बलिया के समस्त बैंक शाखाओ मे स्वयं सहायता समूह हेतु विशेष ऋण वितरण शिविर का आयोजन किया गया थाक बलिया के क्षेत्रीय प्रबंधक रंजीत कुमार ने बताया कि आगे भी बैंक द्वारा इस तरह के कैंप का आयोजन किया जायेगाक



**पहले साल में समूह डेढ़ लाख तक की कर सकता हैं निकासी :** एनआरएलएम के जिला मिशन प्रबंधक अभिषेक आनन्द ने बताया कि समूहों को चार वर्ष हेतु छह लाख रुपए की अधिकतम सीमा तक कैश क्रेडिट लिमिट के तहत ऋण स्वीकृत किया गया हैंकपहले साल में समूह डेढ़ लाख तक की निकासी कर सकता हैंकदूसरे साल में यह लिमिट बढ़ा कर तीन लाख तथा तीसरे साल मे छह लाख कर दी जाएगीक कार्यक्रम में बांसडीह, मनियर, बेरुआरबारी, दुबहर, हनुमानगंज तथा रेवती ब्लॉक के समूहों को ऋण स्वीकृत पत्र वितरित किया गयाकइस मौके पर एसबीआई के मुख्य प्रबंधक सहित समस्त शाखा प्रबंधक, आजीविका मिशन के ब्लॉक प्रबंधक, सहायक विकास अधिकारी मौजूद रहेक

CMYK